'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2016-18
WPP Licence No.- U(C)-101/2017-18
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 31.01.2018
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन - जस्टिस पब्लिकेशंस, टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन : 23354841-42

Website : www.uditraj.com E-mail: parisangh1997@gmail.com

● वर्ष : 21 ● अंक 5 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 16 से 31 जनवरी, 2018

दिल्ली एवं मुंबई में मनाया गया डॉ. उदित राज का जन्म दिवस

डॉ. उदित राज, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ एवं सांसद, उत्तर पश्चिम दिल्ली, का जन्म दिवस 'जस्टिस डे' के रूप में 26 जनवरी, 2018 को शक्ति टेंट, जापानी पार्क, दिल्ली में 27 जनवरी, 2018 को होटेल सी प्रिंसेज, जूहू, मुंबई में एवं 30 जनवरी, 2018 को डॉ. उदित राज के निवास टी-5, अतुल ग्रोव रोड, नई दिल्ली पर मनाया गया। डॉ. उदित राज जी बचपन से ही न्यायप्रिय रहे हैं और इसी उनकी भावना से प्रभावित होकर कार्यकर्त्ताओं ने दशकों पहले उनका जन्मदिवस जस्टिस डे के रूप में मनाना शुरू किया था। इसी श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी डॉ. उदित राज जी का जन्मदिन विभिन्न स्थानों पर हर्षोल्लास से 'जस्टिस डे' के रूप में मनाया गया।

26 जनवरी को लोक सभा क्षेत्र में जन्मदिवस के अवसर पर क्षेत्रवासियों के साथ डॉ. उदित राज पत्नी श्रीमती सीमा राज के साथ

26 जनवरी, 2018 को डॉ. उदित राज जी का जन्मदिवस शक्ति टेंट, जापानी पार्क, नई दिल्ली पर मनाया गया। इस अवसर पर पूरे उत्तर पश्चिम लोक सभा क्षेत्र के भाजपा के पदाधिकारी व हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता व शुभचिंतक पहुंचे। इस अवसर पर परिसंघ की दिल्ली इकाई से भी हजारों की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता पहुंचे।

27 जनवरी को होटेल सी प्रिंसेज, मुंबई में डॉ. उदित राज जी के जन्मदिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री, देवेन्द्र फडणवीस, बिजनेस एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीआईएसबी के मैनेजिंग डायरेक्टर, के.एन. पिंपले, फिल्म अभिनेत्री व गायिका - सलमा आगा और समाज सेवी राजीव वर्मा पहुंचे। इसके अलावा HE Lesego Ethel Motsumi High Commissioner of Botswana, भाजपा विधायक गया।

उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन फिल्म सेंसर बोर्ड के सदस्य एवं रिपब्लिकन फिल्मस एंड टी.वी. एसोसिएशन (रफटा) के जनरल सेक्रेटरी कैलाश मासूम द्वारा किया गया।

27 जनवरी को मुंबई में डॉ. उदित राज जी को जन्मदिन की शुभकामनायें देते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, कैलाश मासूम, विकास गुप्ता व अन्य गण

30 नवंबर, 2018 को जन्मदिवस के अवसर पर डॉ. उदित राज का जन्मदिन उनके निवास टी-5, अतुल ग्रोव रोड नई दिल्ली पर मनाया गया, जहां पर उन्हें शभकामनाएं देने के लिए भारतीय जनता पार्टी के संगठन मंत्री श्री रामलाल जी के अलावा केन्द्रीय मंत्री श्री हरदीप पुरी, डॉ. हर्षवर्धन, सांसद एवं दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष श्री मनोज तिवारी, सांसद - महेश गिरि, प्रवेश वर्मा सहित विभिन्न देशों के एम्बेसडर व अन्य गणमान्य व्यक्ति पहुंचे।

30 जनवरी को अपने निवास पर डॉ. उदित राज जी अपने परिवार के साथ

डॉ. लवेकर भारती, सूफी गायिका कल्पना पटवारी, लेखक संजय मासूम, टी.वी. ऐक्टर अभिषेक निगम, विकास गुप्ता, प्रियंका शर्मा, मुकेश गौतम, राजू कारिया, मनोज लालवानी, जेबा खान, पद्मश्री, कल्पना सरोज, संगीतकार अन्नू मलिक, राजू मनवानी आदि भी शुभकामनाएं देने के लिए पहुंचे। उपरोक्त सभी लोगों को अपने-अपने क्षेत्रों में उत्पकृष्ट कार्य करने के लिए 'ग्रेट इंडियन अवार्ड' से सम्मानित किया

***

ब्राह्मणवाद की पुनर्स्थापना का षड्यंत्र

तेजपाल सिंह तेज

केरल में दलित कार्यकर्ताओं और पुजारी बनाए गए दलितों पर प्राणघातक हमलों की खबरें अब आम हो गई है। यह भी खबर है कि ताजा घटना में एक दलित पुजारी पर चाकू से प्राणघातक हमला किया गया है। केरल के पलक्कड़ में एक दलित पुजारी बीजू नारायण पर कुछ अज्ञात लोगों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया जिसमें पुजारी बुरी तरह से घायल हो गया। ये दलित पुजारी पटेललंबी का रहना वाला बताया गया है। बताया जा रहा है कि बिजू नारायणन त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड से वेदों का अध्ययन करने वाले दलित समुदाय के पहले व्यक्ति है। यानी कि वो जाति से तो दलित हैं लेकिन व्यवहार से केवल और केवल ब्राह्मणवादी ही है। यहां कहना अतिश्योक्ति न होगा कि उन्होंने वेदों का अध्ययन तो किया किंतु ब्राह्मणवाद की हकीकत को जानने का कोई प्रयास नहीं किया। यहां सवाल उठता हैं कि बिजू नारायण को दलित कैसे माना जाए।

हाल ही में कन्नूर जिले में मट्टन्नुर के समीप नेल्लुनी में माकपा कार्यकर्ताओं के हमले में आरएसएस का एक कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया था। किंतु अफसोस जब एक दलित पुजारी पर जानलेवा हमला किया गया तो इसका किसी भी स्तर पर कोई प्रतिरोध नहीं हुआ। होता भी कैसे, जो लोग अपने ही घरवालों के विरोध में काम करते है, उनका समर्थक हो भी कौन सकता है। मैं समझता हूं कि केरल में दलित पुजारियों की नियुक्ति जातिगत भेदभाव के खिलाफ पक्की जाति नहीं बन सकती। माना कि अहम शुरुवात है। किंतु सामाजिक आधार पर एक दलित के साथ यह किसी साजिश का हिस्सा ही लगता है। केरल सरकार द्वारा संचालित मंदिरों में आरक्षण के आधार पर पुजारियों की भर्ती एक बड़ी लड़ाई थी।

द इंडियन एक्सप्रेस की संपादीकय टिप्पणी के अबुसार हाल ही में त्रावणकोर देवास्वोम भर्ती बोर्ड (टीडीआरबी) ने 36 गैर ब्राह्मणों को पुजारी के पद पर चुना है। केरल में यह अपनी तरह का पहला उदाहरण है और यह इस मायने में भी खास है कि इन 36 लोगों में छह दलित समुदाय से आते है। केरल के ही नहीं देश के सभी धार्मिक स्थलों पर जातिगत पूर्वाग्रह-दुराग्रह का लंबा इतिहास रहा है और इसके खिलाफ लम्बा संघर्ष भी चला है, हालांकि राज्य में गैर-ब्राह्मण भी पुजारी बनते रहे हैं लेकिन इनमें से ज्यादातर को छोटे-मोटे मठ-मंदिरों या निजी धार्मिक स्थलों में पूजा-पाठ की जिम्मेदारी ही मिलती है, पैसा कमाने वाले मंदिरों में नहीं। सुना है कि टीडीआरबी पुजारियों की भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित करता है। इसमें सभी जाति के लोग हिस्सा ले सकते हैं, लेकिन यह पहली बार है जब भर्ती में जातिगत आरक्षण लागू किया गया है।

ज्ञात हो कि केरल में मौजूदा देवास्वोम बोर्ड सरकार द्वारा संचालित मंदिरों का प्रबंधन संभालते हैं। यह पहले भी गैर-ब्राह्मणों को पुजारी नियुक्त करते रहे हैं, लेकिन इनकी भर्ती में जब जातिगत आरक्षण लागू नहीं था। यह एक तरह की अनियमिता ही थी, क्योंकि इन बोर्डों का खर्चा सरकारी खजाने से पूरा होता है। सरकारी वित्त से चलने वाले सभी क्षेत्रों में आरक्षण लागू है तो मंदिर के पुजारियों की नियुक्ति में भी यह व्यवस्था लागू होनी ही चाहिए। यह मसला अलग-अलग मंचो से बार-बार केरल में उठता रहा है। यद्यपि यह मांग जाति-प्रथा के उन्मूलन की दिशा में नहीं मानी जा सकती, तथापि ब्राह्मणवाद को जिन्दा रखने की एक सोची-समझी कवायद ही मानी जाएगी।

केरल में मौजूद देवास्वोम बोर्ड सरकार द्वारा संचालित मंदिरों का प्रबंधन संभालते हैं, ये पहले भी गैर-ब्राह्मणों को पुजारी नियुक्त करते रहे हैं, लेकिन इनकी भर्ती में तब जातिगत आरक्षण लागू नहीं था। यह एक तरह की अनियमितता ही थी, क्योंकि इन बोर्डों का खर्चा सरकारी खजाने से पूरा होता है।

उल्लिखित है कि केरल में ऐसी नियुक्तियों के बाद भी जातिवाद के खिलाफ लड़ाई खत्म नहीं हुई है। केरल के बड़े और ज्यादा प्रतिष्ठित मंदिरों जैसे सबरीमाला में अपनी कुछ परंपराएं और लिखित मान्यताएं हैं, जिनके तहत गैर-ब्राह्मण यहां पूजा-पाठ के काम में हिस्सा नहीं ले सकते, तो अब बड़ी लड़ाई यही है कि नव-नियुक्त पुजारियों को ऐसे मंदिरों में भी काम करने का मौका मिल भी जाये तो क्या जातिवाद का खात्मा हो जाएगा ?

दूसरी चुनौती यह भी है कि पूजा-पाठ की परंपराओं में जातिगत दुराग्रह तोड़ने के मामले में सरकार के निर्देश या कानूनी प्रावधान हमेशा कारगर नहीं होते। केरल का अपना इतिहास भी कुछ ऐसा ही इशारा करता है। यहां मनुस्मृति और दूसरी पुरानी मान्यताओं के हवाले से हिंदू समाज में मौजूद इस भेदभाव को खत्म करने के लिए जन-आंदोलनों ने अहम भूमिका निभाई है। निचली जातियों को मंदिरों में प्रवेश का अधिकार दिलाने के लिए यहां 1924 में वाइकोम सत्याग्रह और 1931-32 में गुरुवायूर सत्याग्रह जैसे प्रभावशाली आंदोलन के खिलाफ एक सांकेतिक आन्दोलन था। मंदिरों में प्रवेश करना नहीं था।

किंतु मुझे यह कहने में कोई हिचक नहीं कि आज का दलित समाज मंदिर में प्रवेश करने और पूजा करने की मांग कतई नहीं करता, अब तो केवल ब्राह्मणवादी ताकतें गरीब और निरीह लोगों को जानबूझ कर मंदिरों तक ले जाना चाहते है। कारण है कि देश का अधिकतर दलित बाबा साहेब अम्बेडकर का अनुयायी है और किसी प्रकार की भी हिन्दूवादी सोच से निजात पाना चाहता है। विदित है कि आज केरल में वामपंथियों/ मार्क्सवादियों की सरकार है। यह भी कि आज मार्क्स और अम्बेडकर की विचारधारा को भारतीय परिप्रेक्ष्य में प्रतियोगी माना जा रहा है।

मार्क्यवादियों को भारतीय दलितों का अम्बेडकरवादी होना खलने लगा है। जब कि अम्बेडकरवादियों की सोच है कि आज की तारीख में यदि मार्क्सवाद और अम्बेडकरवाद एक साथ खड़े हो जाते हैं तो सामाजिक न्याय की दिशा में नए आयाम खड़े हो जाएंगे। किन्तु केरल में दलितों को पुजारी बनाने की मुहिम ये सिद्ध करती है कि केरल के दलितों को अम्बेडकरवादी सोच से अलग-थलग करना है। केरल सरकार की इस पहल से तो यही लगता है कि भारत में जाति-प्रथा बरकरार रहे और मार्क्सवादी मजदूर शान्ति के नाम पर अपनी रोटियां सेंकते रहें। भुलावा यह दिया जा रहा है कि मंदिरों को सभी जातियों के लिए खोल दिया गया है..... किन्तु यह एक छल के अलावा और कुछ नहीं लगता।

दरअसल केरल सरकार का मत है कि यदि किसी दलित को मंदिर में पुजारी बना दिया जाए तो दलितों का एक बड़ा वर्ग मंदिरों में आना-जाना शुरु कर देगा और इस प्रकार डॉ. अम्बेडकर का बुध्द धम्म को अपनाने का विषय ठंडा ही नहीं, दूर की कौड़ी हो जाएगा। इससे मार्क्सवाद को और देर तक जिन्दा रहने का मौका मिल जाएगा।

द हिन्दू के तिरुवनंतपुरम के सीनियर एसोसिएट एडिटर सी.जी. गौरीदासन कहते हैं, सामाजिक रूप से इससे विवाद होना तय है। राजनीतिक रूप से भी, क्योंकि तथ्य यह है कि बीजेपी निम्न और मध्यम समुदायों के बीच अपनी पहचान बनाने की कोशिश में लगी है। हो न हो यह केरल की सीपीएम सरकार का एक राजनीतिक पैंतरा है। वह इसलिए कि आरएसएस वहां हिन्दुओं को एकजुट करने की कोशिश में जुटी हैं। ऐसे में जाहिर है कि सी.पी.एम निश्चित रूप से दलित और पिछड़े समुदाय के बीच अपनी जगह बनाने की कोशिश करेगी ही।

– दलित दस्तक से साभार

***

भंसाली जी! औरतें चलती फिरती योनियां नहीं हैं : स्वरा भास्कर

एक्ट्रेस स्वरा भास्कर का भंसाली के नाम खुला खत। मूल खत काफी लम्बा और अंग्रेजी में है, इसके कुछ जरूरी हिस्से अनुवाद कर रहा हूँ, बाकी का आपको नेट पे मिल जायेगा।

प्रिय भंसाली जी

सबसे पहले बधाई कि आप अपनी मशहूर फिल्म रिलीज कर सके। आई कम पद्मावती, कम दीपिका पादुकोण की सुंदर कमर, कम आपकी फिल्म के 70 शॉट्स। लेकिन सबके सिर अब भी कंधों पे हैं और नाक भी सलामत है। फिर भी आप फिल्म रिलीज करा सके, बधाई। आज के स्टॉलरेंट -सहिष्णु भारत में जहाँ लोग मीट के लिए मारे जा रहे हैं, मर्दाने गर्व की आदिम सोच का बदला लेने के लिए बच्चों पर हमले हो रहे हैं, आपका फिल्म रिलीज कर पाना वाकई सराहनीय है, बधाई। और मैं आपको बताना चाहती हूँ कि मैं आपकी फिल्म जब पद्मावती ही कहलाती थी, तब भी मैं उसके लिए लड़ी थी, हालांकि किसी युद्ध के मैदान में नहीं ट्विटर पर। मेरे पीछे मुस्लिम्स के पीछे पागल ट्रोल्स पड़े फिर भी मैं लड़ी। मैंने टीवी कैमरा पर वो बातें भी कहीं जो मुझे लगा 185 करोड़ फंसे होने के कारण आप नहीं बोल पाये होंगे। जो मैंने कहा उस पर मेरा पक्का यकीन है कि आप या किसी और को भी बिना सेट पर आग लगे, बिना मार खाये, बिना हाथ पैर तुड़वाये और बिना जिन्दगी गंवाये, जितना वो जरूरी समझे हीरोइन का पेट दिखाते हुए, अपनी कहानी अपने ढंग से कहने का पूरा हक है। लोग सामान्यतः फिल्में बना सकें , रिलीज भी कर सकें और बच्चे भी सुरक्षित स्कूल जा सकें।

मैंने सच में चाहा कि आपकी फिल्म बड़ी हिट हो, बॉक्स ऑफिस के रिकार्ड्स तोड़ दे। शायद आपकी फिल्म से इसी लगाव के चलते, उसे देखने के बाद मैं अवाक हो गयी हूँ, और ये कहना पड़ रहा है सर! कि ' रेप होने के बाद भी औरत को जीने का हक होता है। औरत को उसके पति, उसके रक्षक, उसके मालिक, उसकी सेक्सुअलिटी के कंट्रोलर जो कुछ भी आप मर्द को कहें, के बगैर जीने का हक है। मर्द के जिन्दा होने न होने से औरत को जीने का हक है। ये बेसिक बातें हैं, इन्हीं में थोड़ी और भी हैं। औरतें चलती फिरती वैजाइना नहीं हैं। हाँ उनके पास वैजाइना है, पर वे उससे ज्यादा भी कुछ हैं। इसलिए उनकी पूरी जिन्दगी वैजाइना और वैजाइना को कंट्रोल करने, उसकी रक्षा करने, उसकी शुद्धता बचाने पे फोकस करने की जरूरत नहीं है। (13 वीं शताब्दी में ऐसा था भी तो 21वीं सदी में हमें इन टुच्चे विचारों का महिमामंडन करने की जरूरत नहीं है।

बेहतर होता कि योनियों को सम्मान दिया जाता। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा है नहीं। एक औरत किसी के द्वारा अपनी मर्जी के बिल योनि के असम्मान के बावजूद जी सकती है। क्योंकि योनि के बाहर भी जिन्दगी है, इसलिए रेप के बाद भी जिन्दगी हो सकती है। और सामान्यतः जिन्दगी योनि से ज्यादा कुछ है। आप सोच रहे होंगे कि मैं ये योनि के बारे में में ही क्यों बोलती जा रही हूँ ? क्योंकि सर! आपकी मशहूर फिल्म देख के मैंने यही महसूस किया। मैंने योनि ही महसूस की। मुझे महसूस किया कि मुझे महज वैजाइना तक सीमित कर दिया गया है। मैंने महसूस किया कि जैसे वोट का अधिकार, सम्पत्ति का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, समान काम के लिए समान वेतन, मातृत्व अवकाश, विशाखा जजमेंट, बच्चा गोद लेने का हक जो भी छोटा मोटा महिलाओं के आंदोलन ने हासिल किया है, वो सब बेकार है, क्योंकि हम लौट तो वापस बेसिक्स (रूढ़ पहचानों) पर रहे हैं। सती और जौहर महिमामंडन के लायक प्रथाएं नहीं हैं। आपकी फिल्म रिलीज के एक हफ्ते पहले जींद हरियाणा में के 15 साल की दलित लड़की का ब्रुटल गैंग रेप हुआ है। आप जानते ही होंगे कि सती और रेप दोनों एक ही माइंडसेट का नतीजा हैं। एक रेपिस्ट स्त्री के जननांग पर अटैक करता है, अतिक्रमण करता है, जबरन प्रवेश करता है, उसपर नियंत्रण पाने के लिए उसे विकृत करता है, उस पर हावी होगा या उसे नष्ट कर देगा। सती और जौहर के पक्षपोषक और समर्थक भी औरत के जननांगों का अतिक्रमण हो जाये या वे किसी अधिकृत मर्द के नियंत्रण में न रहें, तो उस का उन्मूलन ही करते हैं। दोनों ही मामलों में मसला औरत को महज यौन अंगों तक सीमित करने का है। आप कहेंगे कि आपने फिल्म से पहले 2 लाइन का डिस्क्लेमर दिखाया था फिल्म सती/जौहर का सपोर्ट नहीं करती। लेकिन सर उसके बाद आपने ढाई घण्टे अपनी फिल्म में दिखाया क्या ?

दीपक तिरुवाल की वाल से साभार

https://www.facebook.com/laxman.yadav.88/posts/2149360341758580

***

सवर्ण बेरोजगार बनाम दलित बेरोजगार

विनोद कुमार

अगर बेरोजगारी का इतिहास खोजा जाये तो प्राचीन काल से लेकर मध्यकाल के समय में और वर्तमान में इसके भयंकर दर्शन होते है। स्थिति यह है कि बेरोजगारी की वजह से आत्महत्या तक की खबर आती है। वर्तमान मोदी सरकार ने हर वर्ष दो करोड़ बेरोजगारों को रोजगार देने का वायदा किया था जो कि अन्य जुमलों की तरह एक झूठ जुमला ही सिद्ध हुआ। बेरोजगारी को अगर सामाजिक व्यवस्था के दायरे में रखकर देखें तो इसका अलग ही स्वरूप देखने को मिलेगा। मसलन सवर्ण समाज में यह सबसे कम व दलित समाज में सबसे ज्यादा पाई जाती है।

बेरोजगारी की समस्या का अध्ययन सामान्यतः अर्थशास्त्र में किया जाता है लेकिन दलितों की बेरोजगारी का अगर किसी को सही अध्ययन करना है तो उसे अर्थशास्त्र के दायरे से बाहर निकलकर सामाजिक और धार्मिक व्यवस्था का भी अध्ययन करना पड़ेगा। क्योंकि दलितों की बेरोजगारी की जड़े वहीं है- डॉ. अम्बेडकर के इस तरह के लेखन से पहले दलित व्यक्ति की बेरोजगारी की समस्या पर कोई विमर्श ही नहीं होता था क्योंकि रोजगार को चातुर्वर्ण व्यवस्था के आधार पर निधारित किया गया था। जिसमें दलितों के लिए चारों वर्ण का सेवा करना ही रोजगार माना जाता था, जो उन्हें भरपूर मात्रा में उपलब्ध कराया जाता था। डॉ. अम्बेडकर और उनके द्वारा चलाये गये आन्दोलन ने इस वर्ण-व्यवस्था पर ही प्रहार किया जिससे ये समाज व्यवस्था कानूनी व वैधानिक रूप से धराशायी हो गयी जिसके परिणामस्वरूप दलितों का सेवा करने वाला रोजगार भी धराशायी हो गया। अब दलितों को नये तरह के रोजगार की आवश्यकता महसूस होने लगी। यानि की दलितों के व्यवसाय में परिवर्तन आया जिससे उन्हें नये काम के अवसरों को तलाशना शुरू कर दिया जो की अधिकांश खेत मजदूर या कारखानों में मजदूर के कामों मे लगे गये। लेकिन यहां भी उनकी स्थति में ज्यादा सुधार नहीं आया।

पहले वो चातुर्वर्ण व्यवस्था के अंतर्गत ब्राह्मवाण के नियंत्रण में थे तो अब वो पूंजीवाद और जमींदारो के कब्जे में आ गये। इसीलिए तो डॉ. अम्बेडकर ने श्रमिकों व मजदूरों की एक सभा में संबोधित करते हुए कहा था कि मजदूरों के दो दुश्मन हैं- एक ब्राह्मणवाद तो दूसरा पूंजीवाद। भारत में जाति व्यवस्था की समस्या ही सबसे बड़ी समस्या है और दलितों की बेरोजगारी ही सबसे बड़ी समस्या है और दलितों की बेरोजगारी से इसका सीधा संबंध है इस बात को भारत के कुछेक मार्क्सवादी डॉ. अम्बेडकर से 100 साल बाद अब आकर समझे हैं। असल में बेरोजगार होने का मतलब गरीब होना ही नहीं होता जो कि सामान्तया माना जाता हैं। हां, किसी दलित बेरोजगार के संबंध में ये बात सही हो सकती है लेकिन गैर दलित के लिए नहीं। इसके सबसे बड़े उदाहरण डॉ. अम्बेडकर खुद भी हैं। दुनिया के टॉप लेवल भी डॉ. अम्बेडकर कई महीनों तक बेरोजगार रहे हैं। ठीक इसके विपरीत सवर्ण समाज के करोड़ों व्यक्तियों में से एक भी ऐसा उदाहरण देखने को नहीं मिलेगा। तो क्या अब भी किसी आलोचक को शक है की दलित समाज के व्यक्ति की बेरोजगारी में और सवर्ण समाज के व्यक्ति की बेरोजगारी में अंतर नहीं होता?

अगर काम के प्रति व देश के प्रति कर्तव्य निष्ठा की बात करें तो ऐसे बहुत से उदाहरण हमारे सामने हैं जिसमें दलित समाज का व्यक्ति सवर्ण समाज के व्यक्ति से अधिक कर्तव्यनिष्ठ रहा है, जिसका सुंदर उदाहरण है 5 नवंबर, 1948 को संविधान सभा में टी.टी. कृष्णामाचारी द्वारा दिया गया भाषाण। जिसमें वह कहते हैं कि अपने खराब स्वास्थ्य के बाद भी डॉ. अम्बेडकर ने जो संविधान की रचना का कार्यभार उन पर था, उन्होंने उसे बखूबी निभाया.... और अन्य छह सदस्यों की बहुत सहयोग नहीं मिलने के बावजूद संविधान रचना का अपना का पूरा किया ठीक इसी तरह के अन्य और भी कई उदाहरण हैं जिनमें दलितों ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा दूसरों से ज्याद दिखई है, दूसरा उदाहरण दूसरे विश्व युद्ध के दौरान चमार रेजिमेंट के का है जिसने सुभाषचंद्र बोस की सेना से लड़ने से इंकार कर दिया। चमार रेजिमेंट के देशभक्त सैनिकों ने अपने अंग्रेज अधिकारियों का आदेश मानने से यह कहकर इंकार कर दिया कि आप हमें अपने ही लोगों से लड़वा रहे हैं। तो इस देशभक्ति के कार्य के कारण चमार रेजिमेंट को भंग कर दिया, जबकि अन्य उच्च जाति की सभी रेजिमेंट अंग्रेजों के आदेशों का पूरी तरह से पालन कर रही थी। सवर्ण समाज के व्यक्ति को रोजगार मिलते ही उसके सम्मान में कई गुना बढ़ोतरी हो जाती है जबकि दलित बेरोजगार के विषय में ऐसा नहीं होता। जब किसी दलित को काई अच्छा रोजगार मिल जाता है तो सवर्ण मानसिकता तो पूरी तरह जल-भुन उठाती है। फिर उस नौकरी प्राप्त व्यक्ति के साथ अन्याय करने का केवल स्थान और स्वरूप बदलता है अन्याय होना बंद नहीं होता। दलित व्यक्ति की रोजगार की समस्या का तो समाधान हो जाता है, पर उसकी अन्य आनुवंशिक समस्याएं मसलन जातिभेद, वर्णभेद, छुआछूत आदि जस की तस बने रहते है। ऐसे ही कुछ उदहारण डॉ. अम्बेडकर ने दस्तावेज के रूप में रखे हैं। यहां उनका वर्णन समीचीन प्रतीत होता हैं। वीजा की प्रतीक्षा नामक अपने संस्मरण में डॉ. अम्बेडकर गुजरात के खेड़ा जिले के बोरसद तहसील की एक भंयकर घटना के बारे मे लिखते हैं जिस पीड़ित व्यक्ति ने खुद डॉ. अम्बेडकर से साझा किया था। इस घटना में मुंबई में रहने वाले वाल्मीकि जाति के एक युवक को 19 फरवरी, 1936 को गांव तलाती (हिंदी में इसे पटवारी कहते है) की नौकरी मिली। जब वह ऑफिस में क्लर्क के पास पहुंचा तो उसने तिरस्कार से पूछा कौन हो तुम? मैंने जवाब दिय सर मैं एक हरिजन हूं। उसने कहा- पीछे हटो, दूर खड़े रहो। तुमने मेरे पास खड़े होने की हिम्मत कैसे की? यदि तुम ऑफिस से बाहर होते तो इसके लिए मैं तुम्हे छह लातें मारता, यहां नौकरी के लिए आने की ठीठाई क्यों की है? इसके बाद उसने मुझे प्रमाण पत्र और नियुक्ति आदेश जमीन पर डालने को कहा।

अब यहां सोचने वाली बात यह है कि क्या इस तरह का व्यवहार किसी भी सवर्ण व्यक्ति से कोई कर सकता है? न तो मुसलमान, न ही सिख, न ही बौद्ध न ही इसाई और न ही कोई दलित भी ऐसा करेगा। यही अंतर है एक सवर्ण व्यक्ति और दलित व्यक्ति में, जो कि सामान्यतया किसी को समझ में नहीं आता। लेकिन दुःख की बात ये है कि दलित लोग जो अत्याचार सहते हैं वो इस तरह की घटनाओं को दस्तावेज बनाकर नहीं रखतें हैं और न ही किसी लेखक से इन दुखों को साझा करते हैं जो कि उनकी मानसिक दुर्बलता का परिचायक है। इन्हे डॉ. अम्बेडकर से सबक लेना चाहिए जिन्होंने अपने साथ हुए हर अन्याय की घटना का दस्तावेज बनाकर रखा और इन घटनाओं को लिखकर बताने से किसी भी तरह से उनका मान सम्मान भी कम नहीं हुआ तो वर्तमान के दलित कर्मचारी और अधिकारी का कैसे हो सकता है?

आज से लगभग चालीस-पचास साल पहले जो बच्चे स्कूल में जाते थे यानि की जिनकी वर्तमान उम्र चालीस के आसपास है ऐसे कुछ व्यक्तियों से मैंने उनके साथ स्कूल में अध्यापकों व अन्य छात्रों द्वारा किए गये अन्याय व अत्याचार के बारे में बात की तो चौंकाने वाले उदाहरण सामने आते हैं। जाहिर है कि ऐसे में सवर्ण जातियों और हिन्दू धर्मग्रंथो के प्रति मन घृणा और कटुता से भर जाता है। दलित अधिकारियों को भी प्रताड़ित करने के मामले में अक्सर सामने आते रहते जस्टिस कर्णन और राजस्थान के सेक्रेट्री लेवल के अधिकारी शामिल हैं, जिन्होने बाद में इस्लाम कबूल कर लिया था। हालांकि मामले तो तमाम हैं जो हर दिन सामने आते हैं लेकिन कुछ ही मामले चर्चित हो पाते हैं। आमतौर पर ऐसे मामलों की किसी समाजशास्त्री, लेखक इतिहासकार या पत्रकार द्वारा इन घटनाओं को कलमबद्ध नहीं किया जाता हैं, लेकिन आर्मी सचिव के पद पर तैनात डॉ. अम्बेडकर ने अपने साथ हुए अत्याचार के मामले को कलमबद्ध किया है जो आज हमारे सामने हैं। डॉ. अम्बेडकर वीसा की प्रतीक्षा नाम का अपने संस्मरणामें उस वाल्मीकि जाति के युवक को कैसे नौकरी छोड़ने पर मजबूर किया गया; इस घटना का बहुत ही मार्मिक ढंग से वर्ण करते हुए लिखते हैं कि- एक दिन मुझे गांव की आबादी की तालिका बनाने के लिए रैजपुर (जिला खेडा, गुजरात) में बुलाया। गांव के दफ्तर में जाकर मैंने दरवाजे के पास खड़ा होकर नमस्ते किया और 15 मिनट तक बाहर ही खड़ा रहा। उन्होंने कोई हो जवाब नहीं दिया तो मैं कुर्सी पर बैठ गया, तो गांव के मुखिया और तलाती (पटवारी) दोनों मुझसे बिना कुछ बोले ही उठकर चले गये। कुछ देर बाद वहां पर पुस्तकालयाध्यक्ष के नेतृत्व में भीड़ का आना शुरू हुआ। एक शिक्षित आदमी भीड़ को मेरे खिलाफ उकसा रहा था तो मेरी समझ में कुछ नहीं आ सका। मुझे बाद में पता चला की जिस कुर्सी पर मैं बैठा था वह कुर्सी उसकी थी। उसने मुझे गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दी। गांव के नौकर रावनिया को सम्बोधित करते हुए उसने कहा- भंगी के इस गंदे कुत्ते को कुर्सी पर बैठने की इजाजत किसने दी? रावनिया ने मुझे उठाकर कुर्सी ले ली और मैं नीचे बैठ गया। गुस्से में तमतमाती भीड़ मुझे तरह-तरह की गालिया दे रही थी, कुछ धारिया (तलवार की तरह हथियार) से मेरे टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि तुम भंगी होकर दफ्तर में घुसना और कुर्सी पर बैठना चाहते हो? मेरी समझ में नहीं आ रहा था कि मैं अपना जीवन कैसे बचाऊं... फिर मैंने उनसे दया की भीख मांगी और नौकरी छोड़ देने का वायदा भी किया। इस घटना के बाद मैं बम्बई लौट गया।

अब क्या कोई व्यक्ति ये सोच सकता है कि सवर्ण समाज के कर्मचारी व अधिकारी के साथ ऐसा बर्ताव हो सकता है? यही अंतर है दलित रोजगार प्राप्त और सवर्ण रोजगार प्राप्त व्यक्ति में। ठीक इसी तरह के अंतर दलित बेरोजगार और सवर्ण बेरोजगार में भी हैं। गुजरात से ही एक सवर्ण अध्याापक की प्रतिशती के बीमार होने की स्थिति में एक सवर्ण डॉक्टर द्वारा पहले देखने से मना करने और फिर तमाम भेदभाव को बरकरार रखते हुए देखने को तैयार होने के काम में इतनी देर हो गई कि उसकी प्रतिशती की मौत हो गई। यह घटना गुजरात के काठियावाड़ क्षेत्र के एक गांव की है। इस घटना में व्यक्ति बेरोजगार नहीं था बल्कि पैसे देने में सक्षम था लेकिन फिर भी उसके साथ अन्याय हुआ। अर्थात पैसे से वह अन्याय को नहीं रोक पाया। अगर वह अध्यापक सवर्ण होता तो क्या उसके साथ भी यह अन्याय हो सकता था? नहीं बिलकुल भी नहीं। सच तो यह है कि सवर्ण होने की स्थिति में चाहे वह बेरोजगार ही क्यों न होता उसके परिवार के किसी सदस्य की जान नहीं जाती। असल में सवर्ण मानसिकता एक मानसिक बीमारी है, लेकिन इस बीमारी से सवर्णो को नुकसान नहीं होता, नुकसान सिर्फ दलितों का होता है। ये दुनिया की विचित्र बीमारी होगी कि जो व्यक्ति बीमार है उसे उस बीमारी का लाभ मिल रहा है और दूसरों को नुकासन। इसलिए दलित समाज के युवक-युवतियों को अच्छे से जान लेना चाहिए कि सिर्फ रोजगार मिलने मात्र से उनको जातीय भेदभव से मुक्ति नहीं मिलेगी।

- दलित दस्तक से साभार

***

हमारे देश के धानढ्य तबकों ने व्यापक हितों की चिंता कभी नहीं की

विदेशियों जैसे नहीं हैं भारतीय अमीर

डॉ.उदित राज

हाल में ऑक्सफैम द्वारा जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक 1 फीसदी धनाढ्य भारतीय देश के 73 प्रतिशत धन के मालिक हैं। अरबपतियों की संख्या देश में तेजी से बढ़ी है। 2010 के बाद उनकी संपत्ति 13 फीसदी की रफ्तार से बढ़ी बताई गई है, जबकि मजदूरी इस दौरान केवल 2 प्रतिशत के हिसाब से ही बढ़ी है। एक प्रतिशत भारतीय धनाढ्यों के धन की बढ़ोत्तरी 20.09 लाख करोड़ है जो भारत सरकार के बजट के बराबर है। दूसरी अप्रिय और दुखद बात यह है कि वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम की पिछले दिनों दावोस में हुई बैठक के दौरान जारी समावेशी विकास सूचकांक के मुताबिक भारत अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान से भी काफी पीछे है। भारत इसमें 62वें सोपान पर है जबकि पाकिस्तान 47वें पर। चीन का इन दोनों से ऊपर होना स्वाभाविक है। वह 26वें स्थान पर है। इस सूचकांक में रहन-सहन का स्तर, पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊपन और कर्ज के बोझ से भावी पीढ़ियों को संरक्षण जैसे पहलुओं को शामिल किया जाता है।

केवल अपनी चिंता

समावेशी विकास सूचकांक में जो पांच देश सबसे आगे हैं, वे हैं लिथुआनिया, हंगरी, अजरबैजान, लाटविया और पोलैंड। और तो और, दुनिया में विकास की दृष्टि से गए-गुजरे माने जाने वाले देश भी इस सूचकांक में हमसे आगे हैं। जैसे माली, युगांडा, रवांडा, बुरुंडी, घाना, यूक्रेन, सर्बिया, फिलीपीन्स, इंडोनेशिया, ईरान, मैक्सिको, थाईलैंड और मलेशिया आदि। अगर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वस्तु और सेवा उत्पादन का सूचकांक है तो समावेशी विकास में आम नागरिक की भलाई और भविष्य की चिंता जाहिर होती है। भारत में विकास के दोनों मानकों पर दिखने वाले इतने बड़े विरोधाभास की वजह क्या हो सकती है। एक तो यह कि गरीब और अमीर दूसरे देशों में भी हैं, लेकिन हमारे जैसे अमीर दूसरे देशों के नहीं हैं। दूसरे देशों के अमीरों और कॉरपोरेट हाउसेज की अहम भूमिका उनके विकास में रही है, मगर हमारे यहां ऐसा नहीं है। उद्योगपतियों के विकास का उद्देश्य कहीं भी देश और समाज का कल्याण नहीं होता, लेकिन देश को उनकी अमीरी का कुछ लाभ तो मिलता ही है। यूरोप और अमेरिका के उद्योगपतियों ने बहुत सारा अनुसंधान कराया, जिससे नई-नई तकनीकों का विकास हुआ। हमारे यहां अनुसंधान की जिम्मेदारी सरकारी संस्थाओं पर डाल दी गई है, और काम बाहर से आयातित तकनीकों से ही चल रहा है। हार्वर्ड, ऑक्सफर्ड और येल जैसे विश्वविद्यालय निजी घरानों के समर्थन

से चले, जबकि भारत में यह जिम्मेदारी सरकार के ऊपर ही लदी है।

जो समाज चार पीढ़ियों के कल्याण की जिम्मेदारी सिर पर लादे हुए हो, उससे कोई उम्मीद भी कैसे की जा सकती है। विकसित देशों में एक उम्र के बाद दूसरी पीढ़ी की भी चिंता नहीं की जाती। बड़े से बड़े उद्योगपतियों के बच्चे 16-17 साल के होते ही खुद कमाना शुरू कर देते हैं। अपनी जरूरतें वे अपनी ही कमाई से पूरी करते हैं। इसके विपरीत हमारे यहां खुद के बच्चे तो क्या, नाती-पोते का भी पूरा बंदोबस्त करने का चलन है। पहले लोग अपने बेटे-बेटियों को स्थापित करते हैं, फिर नाती-पोतों को जमाने में लग जाते हैं। इसके अलावा अपने अगले जन्म के लिए भी बंदोबस्त करना पड़ता है। बहुत सारी धन-संपत्ति पूजा-पाठ और मंदिरों में लगाई जाती है।

कोई अपने संतोष के लिए पूजा-पाठ करे या मंदिर-मस्जिद बनवाए, इसमें किसी और को क्या आपत्ति हो सकती है। लेकिन जो काम धार्मिक संतुष्टि के लिए किया जा रहा हो, उसमें सादगी होनी चाहिए ताकि धन की फिजूलखर्ची न हो। यह धन समाज के स्वास्थ्य और शिक्षा आदि में लगाया जाए तो जन-शक्ति की गुणवत्ता सुधरेगी, जिसका सबसे ज्यादा फायदा उद्योग जगत को होगा। कुछ लोग तो कमाते ही हैं बेटी की शादी के लिए। महंगी और खर्चीली शादी में जो पैसा लगता है, वह अर्थव्यवस्था को मजबूत नहीं करता। वह बस एक बार का खर्चा होता है। शादियों पर करोड़ों-अरबों रुपये लगा देने से भविष्य में कोई फायदा नहीं होता। इसका कोई रिटर्न नहीं मिलता। यही पैसा उद्योग-व्यापार में लगाया जाए तो वह कई गुना हो जाता है और रोजगार का सृजन भी होता है।

टैक्स छुपाने की जुगत

तमाम भारतीय धनाढ्य टैक्स बचाने और छुपाने के लिए क्या-क्या नहीं करते। वे दो तरह का हिसाब रखते हैं, कच्चा और पक्का। पैसा अधिक हो जाए तो विदेशों मे जमा करते हैं, या वहीं संपत्ति अर्जित करते हैं। एक घर अगर भारत में है तो कोशिश करेंगे कि एक दुबई में या हांगकांग, लंदन या अन्य शहरों में हो। भले ही इन घरों की कोई उपयोगिता हो या न हो। दान भी प्रायस उन्हीं संस्थाओं के लिए करते हैं, जिनसे कुछ फायदा दिखता हो। हमारे यहां कोई भी ऐसा कॉरपोरेट घराना नहीं है जिसने तकनीकी का अनुसंधान करके पैसा कमाया हो। अगर बिल गेट्स धनवान हुआ तो अपने दम पर विंडोज सॉफ्टवेयर बनाकर। जुकर बर्ग ने फेसबुक बनाया, तब पैसा कमाया।

ये लोग अपने जीवन में ही अपना कमाया सारा धन खत्म करके या दान देकर मरते हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो वे धन जरूर कमाते हैं, लेकिन उसे अपने निजी स्वार्थ में लगाने के बजाय उससे समावेशी अर्थव्यवस्था का निर्माण करते हैं। इसके विपरीत हमारे समाज में दिन-रात प्रवचन चलता रहता है कि धन का लालच नहीं करना चाहिए, लेकिन होता इसके विपरीत है। यह जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं होती कि वह लोगों को रोजगार दे और उनकी जिंदगी की अन्य जरूरतें पूरी करने पर ध्यान दे। देश के धनाढ्य वर्ग का भी कुछ कर्तव्य होता है। यह तबका ऐसा नहीं करता है तो यह उसकी क्रूरता, उसका स्वार्थीपन है।

– 31 जनवरी, 2018 को नवभारत टाइम्स में प्रकाशित लेख

***

महान दलित विभूतियों का तिरस्कार?

हमारा देश सदियों पुराना देश है जहां न जाने कितने बड़े-बड़े राजा-महाराजाओं ने राज किया और देश के इतिहास के पन्नों पर अपने कार्यों के माध्यम से अमिट छाप छोड़ दी। जितना पुराना इस देश का इतिहास है, लगभग उतना ही पुरानी इसकी जातिप्रथा का भी कलंक इसके हिस्से में आता है। कम से कम दस हजार वर्षों से तो जातिप्रथा का घुन इस देश के गौरव को एक दीमक की तरह चाट रहा है। इतिहास के पन्नों की परतें फिरोलें तो पता चलता है कि आज से लगभग 2550 वर्ष पहले महाभारत का युद्ध कुरुक्षेत्र की धरती पर हुआ था और उस वक्त इस युद्ध के महानायक, श्रीकृष्ण की आयु 83 वर्ष की थी! श्री कृष्ण से लगभग 2100 वर्ष पूर्व भगवान राम हुए थे और राम से तकरीबन दो-ढ़ाई हजार वर्ष पहले मनु महाराज नाम का एक ऋषि हुआ था। इस मनु महाराज से पहले समाज में होने वाले सभी कार्यों में तरलता थी, अर्थात कोई जाति-पाति नहीं थी। समाज में अमीर-गरीब का भेदभाव तो था, लेकिन समाज में रहने वाले सभी लोगों को अपनी हैसियत और शारीरिक बल और बुद्धि के हिसाब से कोई भी काम धंधा करने की सबको आजादी थी।

लेकिन फिर मनु महाराज जैसे बड़े ही शातिर दिमाग वाले लोगों ने राज घरानों के साथ अपने असर रसूख के बलबूते पर इस एकदम सरल वर्गीकरण व्यवस्था में ऐसी तब्दिलियां लानी प्रारंभ कर दी (तकरीबन दस हजार वर्ष पहले) जिसने कि समाज को एक बहुत बड़े और भयानक बदलाव कि दिशा की ओर धकेल दिया। इस मनु महाराज ने समाज में ऐसा बंटवारा करवा दिया कि उस वक्त के जो गरीब लोग और उनकी आने वाली अनेकों पीढ़ियों कि दशा ही बदल डाली। क्योंकि राजे महाराजों के लिए यह व्यवस्था ज्यादा फायदेमंद साबित हो रही थी, उन्होंने इस व्यवस्था पर अपनी स्वीकृति की मोहर लगा दी। मैं तो इस मनु महाराज को एक बहुत बड़ा षडयंत्रकारी और चालबाज ही कहूंगा, क्योंकि उसने अपने जैसे लाखों अमीरजादों के मुनाफे के मद्देनजर हमेशा के लिए अच्छी आर्थिक सुविधाजनक परिस्थितियां बना डाली और समाज को चार वर्णों में विभाजित कर दिया ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। किसी भी मनुष्य को उसकी अपनी बुद्धि, बल और क्षमता के आधार पर समाज में बढ़ने, फैलने-फूलने के सभी दरवाजे बंद कर दिए। पहले जो समाज में व्यवसायों के लिए तरलता थी, वह अब समाप्त हो चुकी थी, क्योंकि इस व्यवस्था के अनुसार, ब्राह्मणों के बच्चे हमेशा ब्राह्मण ही रहेंगे, क्षत्रियों के बच्चे हमेशा क्षत्रिय ही रहेंगे, और इसी तरह वैश्य हमेशा वैश्य ही और शूद्र हमेशा के लिए शूद्र ही रहेंगे। ब्राह्मणों के लिए पढ़ना-पढ़ाना ही अनिवार्य कर दिया, क्षत्रिय बस देश का शासन और राजपाठ ही संभालेंगे, वैश्य समाज के सभी व्यापार/कारोबार इत्यादि ही करते रहेंगे और अंत में शूद्रों को बोल दिया कि आप लोग केवल ऊपर की तीनों जातियों की सेवा ही करोगे। इनके बाकी सभी सामाजिक-आर्थिक अधिकार समाप्त।

तो ऐसे इस षडयंत्रकारी मनु महाराज ने उस वक्त के गरीबों को ताउम्र बाकिओं के दास बना दिया। उनको समाज में रहने वाली अन्य तीनों जातियों को उपलब्ध अधिकार- जैसे कि पढ़-लिख कर अपना जीवन संवारना, जमीन जायदाद का अधिकार, और न जाने कितने फलने फूलने के अवसर, वह सब बंद कर दिए। ऐसी ही शर्मनाक व्यवस्थाओं के चलते सदियां बीत गई, युग बदल गए, मगर शूद्रों का शोषण और उनपे होने वाले अत्याचार बंद नहीं हुए। बल्कि, उन पर अपवित्र और अस्पृश्य होने का कलंक और मढ़ दिया। यदाकदा इस व्यवस्था को बदलने के लिए कुछ क्रांतिकारियों ने यत्न भी किये, मगर उनकी अवाज को बुरी तरह कुचल दिया गया।

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर उन्नीसवीं सदी के आखिर में एक एक बड़े ही जुझारू योद्धा ने 14 अप्रैल, 1891 को मध्य प्रदेश के महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में एक गरीब परिवार में जन्म लिया। भीम राव अम्बेडकर नाम के इस युवक ने बड़ी मुश्किल हालातों में शिक्षा प्राप्त की। उस वक्त समाज में छुआछूत पूरे जोरों पर थी, दलितों पर खूब अत्याचार भी हुआ करते थे, इनके पढ़ने-लिखने के रास्ते में बहुत सी बाधाएं डाली जाती थी, ताकि यह लोग तमाम उम्र अनपढ़ रहकर, गुलाम ही बने रहें और बाकी तीनों जातियों के लोग उन पर अपनी मन माफिक जुल्म, अत्याचार और शोषण कर सकें। डॉ. अम्बेडकर ने भी ऐसे ही शोषण और अत्याचारों के बीच रहते हुए अपनी शिक्षा पूरी ही नहीं की, बल्कि उस जमाने में भी ऐसी और इतनी बड़ी-बड़ी डिग्रियां हासिल की, कि उनके जमाने के अपने आप को तथाकथित ऊंची जाति वाले भी उनके सामने फीके पड़ने लगे।

देश में अंग्रेज हुकूमत का राज था और चारों तरफ गुलामी की जंजीरें काटने और इसको तोड़ने के लिए खूब जी-जान से यतन किये जा रहे थे। देश प्रेमी अपने देश के लिए आजादी हासिल करने खातिर जान की बाजियां लगा रहे थे, मगर इसी देश में रहने वाले करोड़ों दलितों को तथाकथित तीनों ऊंची जातियों के लोगों के चुंगल से छुड़वाने के लिए, किसी को कोई चिन्ता-फिक्र नहीं थी। बल्कि वह लोग तो चाहते थे कि यह दलित लोग हमेशा के लिए ऐसे ही दबे-कुचले ही रहें ताकि इनपर अपनी मनमर्जी के मुताबिक इनसे काम लिया जाये और इन में से किसी में भी इतनी हिम्मत न आए कि कोई उफ तक न कर सकें! वह तो सभी यही मानकर बैठे हुए थे कि यह लोग तो अंग्रेजों से आजादी हासिल होने के बाद भी हमारे गुलाम ही बने रहेंगे।

25 दिसम्बर, 1927 को महाड़, महाराष्ट्र में अपने एक सत्याग्रह के दौरान डॉ. अम्बेडकर ने दलितों के साथ भेदभाव सिखाने वाली, रुढ़िवादी विचारों वाली और अवैज्ञानिक सोच पर आधारित ब्राह्मणवादी पुस्तक मनुसमृति एक भव्य जन समूह के

शेष पृष्ठ क्र .6 पर

साल 2017 में एक प्रतिशत अमीरों की जेब में गया कुल संपत्ति का 73 प्रतिशतः सर्वे

विश्व आर्थिक मंच की बैठक में शामिल होने दावोस जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया गया है कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था सभी के लिए काम करती है, न कि सिर्फ चंद लोगों के लिए।

दावोस (स्विट्जरलैंड)/नई दिल्ली : भारत में 2017 में कुल संपत्ति के सृजन का 73 प्रतिशत हिस्सा केवल एक प्रतिशत अमीर लोगों के हाथों में है। एक नए सर्वेक्षण से सोमवार को इस तथ्य का खुलासा किया गया। साथ की सर्वेक्षण ने भारत की आय में असामनता की चिंताजनक तस्वीर पेश की।

अंतरराष्ट्रीय राइट्स समूह ऑक्सफेम की ओर से यह सर्वेक्षण दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की शिखर बैठक शुरू होने से कुछ घंटे पहले जारी किया गया। इसमें कहा गया है कि 67 करोड़ भारतीयों की संपत्ति में सिर्फ एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत के संबंध में इसमें कहा गया है कि पिछले साल 17 नए अरबपति बने है। इसके साथ अरबपतियों की संख्या 101 हो गई है। 2017 में भारतीय अमीरों की संपत्ति 4।89 लाख करोड़ बढ़कर 20।7 लाख करोड़ रुपये हो गई है। यह 4189 लाख करोड़ऐ कई राज्यों के शिक्षा और स्वास्थ्य बजट का 85 प्रतिशत है।

ऑक्सफेम इंडिया की सीईओ निशा अग्रवाल ने बताया कि यह भयानक स्थिति है कि भारत में आर्थिक विकास का लाभ कुछ लोगों तक ही सीमित होकर रह गया है। उन्होंने कहा, 'अरबपतियों की बढ़ती संख्या संपन्न अर्थव्यवस्था की नहीं बल्कि कमजोर अर्थव्यवस्था के लक्षण को दर्शाती है। जो कड़ी मेहनत कर रहे हैं। फसल उगा रहे हैं। बुनियादी ढांचा विकसित कर रहे हैं। कारखानों में काम कर रहे हैं, वे बच्चों को शिक्षा दिलवाने, परिवार के सदस्यों के लिए दवा खरीदने और दो जून की रोटी जुटाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। समाज में इस तरह का विभाजन लोकतंत्र के प्रभाव को घटाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देगा।' सर्वे में यह भी दिखाया गया है कि महिलाओं की स्थिति निचले स्तर पर है। दस में से नौ अरबपति पुरुष हैं। भारत में केवल चार महिला अरबपति हैं

और उनमें से तीन के पास पैतृक संपत्ति है।

ऑक्सफेम के अनुसार, 'ग्रामीण भारत में एक कामगार अपनी पूरी जिंदगी (तकरीबन 50 साल का काम) में जितना कमाता है उतना कमाने में किसी शीर्ष कपड़ा कंपनी के प्रबंधक को सिर्फ 17।5 दिन लगते हैं। वैश्विक स्तर पर यह तस्वीर और भी चिंताजनक है। पिछले साल दुनिया भर में अर्जित की गई संपत्ति का 82 प्रतिशत केवल एक प्रतिशत लोगों के पास है। वहीं, 3।7 अरब लोगों की संपत्ति में कोई इजाफा नहीं हुआ, जिसमें गरीब आबादी का आधा हिस्सा आता है। ऑक्सफेम के वार्षिक सर्वेक्षण को महत्वपूर्ण माना जाता है और विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा होती है, जहां बढ़ती आय और लिंग के आधार पर असमानता दुनिया भर के शीर्ष नेताओं के बीच प्रमुख बिंदु है।

सर्वेक्षण में बताया गया है कि भारत की कुल संपत्ति का 58 प्रतिशत हिस्सा एक प्रतिशत अमीर लोगों के पास है। जो कि वैश्विक आंकड़े से भी अधिक है। वैश्विक स्तर पर एक प्रतिशत अमीरों के पास कुल संपत्ति का 50 प्रतिशत हिस्सा है। ऑक्सफेम इंडिया ने कहा कि 2017 के दौरान भारत के एक प्रतिशत अमीरों की संपत्ति बढ़कर 20।9 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। 'रिवॉर्ड वर्क, नॉट वेल्थ' शीर्षक से जारी सर्वेक्षण पर ऑक्सफेम ने कहा कि कैसे वैश्विक अर्थव्यवस्था अमीरों को और अधिक धन एकत्र करने में सक्षम बनाती है और वहीं लाखों करोड़ों लोग जिंदगी जीने के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

इस सर्वेक्षण में 10 देशों के 70,000 लोगों को शामिल किया गया है। डब्ल्यूईएफ की बैठक में शामिल होने दावोस जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ऑक्सफेम इंडिया ने आग्रह किया है कि भारत सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था सभी के लिए काम करती है न कि सिर्फ चंद लोगों के लिए। उन्होंने सरकार से श्रम आधारित क्षेत्रों को प्रोत्साहित करके समावेशी वृद्धि को बढ़ावा देने, कृषि में निवेश करने और सामाजिक योजनाओं का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए कहा है। विश्व आर्थिक मंच की शिखर बैठक में शामिल होने के लिए मोदी दावोस रवाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दावोस रवाना हो गए जहां वे विश्व आर्थिक मंच की शिखर बैठक में हिस्सा लेंगे।

प्रधानमंत्री ने रविवार को कहा था कि वह दावोस (स्विट्जरलैंड) में अपने कार्यक्रमों के दौरान अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ भारत के भविष्य के संबंधों पर अपना नजरिया रखेंगे। मोदी यह भी चाहते हैं कि दुनिया के नेता मौजूदा वैश्विक प्रणालियों के समक्ष वर्तमान तथा नई उभरती चुनौतियों पर 'गंभीरता से ध्यान दें। मोदी दावोस में इस बार विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की शिखर बैठक के पहले पूर्ण अधिवेशन को संबोधित करने वाले है। मोदी ने दावोस यात्रा पर रवाना होने से पहले कहा था कि भारत का अन्य देशों के साथ संबंधों का हालिया वर्षों में विस्तार हुआ है। दुनिया के देशों के साथ भारत के संबंध 'वास्तवित रूप से बहुआयामी हुए हैं जिनमें राजनीतिक, आर्थिक, सामान्य जन के स्तर पर, और सुरक्षा तथा अन्य आयाम शामिल हैं।' मोदी ने अपने ट्वीट में कहा था, 'दावोस में मैं अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ भारत के भविष्य के संबंधों के बारे में अपनी राय रखूंगा।

